
# राशन सामग्री की बोरियों में निकलीं जानवरों की हड्डियां

**मामला सामने आते ही प्रशासन ने कराया गोदाम को सील**

**घटिया सामग्री को लेकर ग्रामीणों ने सोसायटी पर किया प्रदर्शन**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गेहूं की बोरी में जानवर की हड्डियां देख हितग्राहियों ने अनाज लेने मना कर दिया। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाले गेहूं की बोरियों में जानवर की हड्डियां मिलने का मामला सामने आया है। मंगलवार को एक उचित मूल्य दुकान पर यह घटना सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।**

यह घटना टीकमगढ़ जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। गेहूं की बोरी खुलते ही उसमें जानवर के सिर और पैर की हड्डियां दिखाई दीं, जिससे वहां मौजूद हितग्राही चौंक गए और उन्होंने तुरंत राशन लेने से मना कर दिया और हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम लक्ष्मणपुरा की उचित मूल्य दुकान बंद होने के कारण वहां के लाभार्थियों को नन्ही टेहरी स्थित दुकान से राशन वितरित किया जा रहा था। हितग्राही कोमल लोधी और परम लोधी के सामने जब गेहूं की बोरी खोली गई, तो उसमें हड्डियां मिलीं। संदेह होने पर पूरी बोरी खाली कराई गई, जिसमें गेहूं के साथ जानवर के सिर और पैर की हड्डियां पाई गईं।

घटना की सूचना मिलते ही खाद्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राशन वितरण बंद करा दिया और दुकान को सील कर दिया। अधिकारियों ने प्रभावित राशन को वापस लेकर उसके स्थान पर नया राशन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

इस घटना ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गेहूं की बोरी में जानवर की हड्डियां देख हितग्राहियों ने अनाज लेने मना कर दिया। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाले गेहूं की बोरियों में जानवर की हड्डियां मिलने का मामला सामने आया है। मंगलवार को एक उचित मूल्य दुकान पर यह घटना सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।

इससे पहले भी घटिया राशन सामग्री वितरण का एक मामला सामने आया था जिसमें राशन सामग्री में जो लोगों तक पहुंचना थी उसमें कीड़े निकलने की बात सामने आई थी।

### राशन की गुणवत्ता पर हो रहे कई सवाल खड़े

प्रदेश के जिलों से टीकमगढ़ में खराब गेहूं भेजने का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहली जीवित कीड़े, घुन लगा, मिट्टी युक्त, पानी से प्रभावित, सड़ा-गला एवं बदबूदार, क्षतिग्रस्त सिकुड़े और टूटे दाने से भरी 6265 बोरियों में 3132 क्विंटल खराब गेहूं दमोह से भंडारण के लिए टीकमगढ़ भेजा गया था। जिसे बड़ोराघाट वेयरहाउस से वापस लौटाया गया। जानकारी के अनुसार दमोह जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदा गेहूं भी टीकमगढ़ के बड़ोराघाट वेयर हाउस पर भंडारण किया जा रहा है। 19 मई से 2 जून तक दमोह से 8700 मीट्रिक टन गेहूं 15 दिन में टीकमगढ़ आया। वेयर हाउस प्रबंधन ने बोरियों में भरे गेहूं की जांच की तो दमोह जिले में की गई मिलावट खुलकर सामने आ गई। जिसने सरकारी खरीद और भंडारण व्यवस्था की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए।

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियां शुरू, कलेक्टर ने किया खरगापुर का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज खरगापुर। आगामी 17 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खरगापुर में प्रस्तावित कार्यक्रम होने जा रहा है। सीएम के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रशासनिक अमले के साथ कृषि उपज मंडी प्रांगण का बारीकी से निरीक्षण किया। इसी मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री की विशाल आमसभा और मुख्य कार्यक्रम आयोजित होना तय हुआ है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, पार्किंग और आम जनता की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय रहते सभी मुकम्मल इंतजाम पूरे कर लिए जाएं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ बल्देवगढ़ एसडीएम भूरिया, खरगापुर तहसीलदार गुप्ता, खरगापुर थाना प्रभारी समेत भारी पुलिस बल और विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के प्रवेश और निकासी मार्गों सहित सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील जगहों का भी मुआयना किया ताकि व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। सीएम के आगमन को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आम जनता में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुखयमंत्री के कार्यक्रम को लेकर खरगापुर मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री की विशाल आमसभा और मुख्य कार्यक्रम आयोजित होना तय हुआ है। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# मैदानी भ्रमण कर सख्त पर्यवेक्षण करने के निर्देश हुए जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ । पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशों के परिपालन में टीकमगढ़ जिले में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का संचालन किया जायेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को मैदानी भ्रमण कर सख्त पर्यवेक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं।**

इस महत्वपूर्ण अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना है। जिसमें सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, गौसेवक और पशु सखी शामिल हैं, गांवों का सघन भ्रमण करेंगे। ये दल विशेष रूप से 3 से 4 गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों के घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और उन्हें पशु प्रबंधन की आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान करेंगे।

अभियान की शुचिता और गति को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के पर्यवेक्षण कार्य और लक्ष्य निर्धारित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को जिले के न्यूनतम 3 ग्रामों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करने, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने-अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम 4 ग्रामों का अनिवार्य रूप से भ्रमण करने, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपदों को अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम 4 ग्रामों का भ्रमण कर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, के निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रित ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

## खाद्यान्न पर प्रशासन सख्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।**

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**नवभारत न्यूज पलेरा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पलेरा नगर परिषद द्वारा एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गों को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया।**

कार्यक्रम के तहत नगर के थाना तिगैला से लेकर सिविल अस्पताल तक बने सड़क डिवाइडर पर सघन पौधारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार और सजावटी पौधे रोपे गए, जिससे सड़क की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण भी शुद्ध होगा। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदानकार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में गायत्री विनोद वर्मा अध्यक्ष, नगर परिषद , शिवि उपाध्याय सीएमओ, पवन संज्ञा, सुनील खटीक, रानू तिवारी, राजेश नायक, विश्वदीप सिंह चौहान, विक्की बरसिया मौजूद रहे। सभी ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा और सीएमओ शिवि उपाध्याय ने कहा कि पौधों को सिर्फ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

## मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृह्द पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।**

कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधक राम अवतार पांडे ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की चरी - निवावरी परियोजना के तहत किसानों से मुलाकात की।

# 23 जुलाई को मुख्यालय पर लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जाएगा।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन होगा।

## बिजली के आने-जाने से लोग हलाकान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर में पिछले कई दिनों से लगातार वेसमय हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं।

# पोषण योजना के अंतर्गत मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित किये गये है।**

बेरोजगार युवक-युवतियों उद्योग सेवा, विनिर्माण, कृषि, आधारित परियोजनायें एग्रो प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग, केटल फीड़, पोल्ट्री फीड, फिश फीड़, कस्टम हाईरिग सेंटर, टिश्यू कल्चर, मसाला उद्योग, ग्रामोद्योग हस्तशिल्पकलां से जुड़ी परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकते है।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत अधिकतम अनुदान राशि दो करोड़ रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। सपूर्ण परियोजना लागत राशि पर अनुदान राशि के रूप में होगी। सूक्ष्म कलस्टर (200 लाभार्थी तक) अधिकतम एक करोड़ रु. तक वृहद कलस्टर (201 से 400 या अधिक) में अधिकतम दो करोड़ रु. तक अनुदान राशि होगी।

# प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी कलेक्टर



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यालय होमगाड्र्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण सत्र का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राहत शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर उपस्थित हुये।**

सिविल डिफेंस क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सत्र के दौरान पीसी अमित दुबे द्वारा सिलेबस के अनुसार आपदा के विषयों को पढ़ाया गया। इसके बाद समापन कार्यक्रम में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स का महत्व समझाया गया। साथ ही सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को सर्टिफिकेट प्रदान किये। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों की क्षमता का संवर्धन करना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के लिए उन्हें तैयार करना है। उक्त कार्यक्रम जिले में 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स प्रशिक्षण सत्र का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गठित यह विशेष प्रकोष्ठ आगामी एक वर्ष तक जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

# 18 जुलाई से शुरू होगा काका पर आधारित नाटक का मंचन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मप्र नाट्य विद्यालय संस्कृति विभाग मप्र शासन एवं पाहुना लोक जन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 25 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन 18 जुलाई को प्रसिद्ध साहित्यकार मिथिलेश्वर की चर्चित कहानी हरिहर काका पर आधारित नाटक के मंचन के साथ होगा। इस प्रस्तुति के साथ ही पाहुना नाट्य संस्था के वार्षिक तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का भी शुभारंभ होगा, जो 18 से 20 जुलाई तक निजी गार्डन में आयोजित किया जाएगा।**

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अभिनय, संवाद अदायगी, रंगमंचीय अनुशासन, मंच संचालन और नाट्य प्रस्तुति की विभिन्न बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में तैयार किए गए कलाकार समापन अवसर पर %हरिहर काका% नाटक का मंचन करेंगे। यह नाटक सामाजिक सरोकारों और पारिवारिक संबंधों के बदलते स्वरूप को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। नाटक का निर्देशन मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय से आए अतिथि शिक्षक अभिषेक शाही एवं एकता चौरसिया ने किया है। दोनों निर्देशकों ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को रंगमंच की व्यावहारिक एवं तकनीकी बारीकियों से परिचित कराया। जिससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिला।


# अधिकारियों ने पंचायतों का किया भ्रमण

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों में शालाओं में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा एमडीएम, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पीडीएस का निरीक्षण कर जानकारी ली गई तथा रिपोर्ट तैयार प्रस्तुत की गई। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।

## दवा छिड़काव नहीं होने से बढ़ रहे मच्छर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।**



# खातों में आई लाड़ली बहना योजना की राशि

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भिंड जिले लहार में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ों से ज्यादा लाड़ली बहनों के खाते में करोड़ों रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान जिले की लाखों लाड़ली बहनों को राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।**

इस अवसर पर जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भिंड जिले के लहार में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मासिक आर्थिक सहायता राशि मिलने पर लाड़ली बहनों के चेहरों में खुशियों की लहर है तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ों लाड़ली बहनों के खाते में करोड़ों रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

**आरोप** — क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए कराया जा रहा कार्य

# तलैया के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग करने का आरोप



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। जतारा जनपद पंचयात की ग्राम पंचायत पंचमपुरा के अंतर्गत मस्तापुर तिगैला के पास जल संग्रहण एवं जल संरक्षण वाटर शेड योजना के तहत निर्माणाधीन तलैया यानि स्टॉप डैम के बेस्ट वियर में कथित रूप से भारी अनियमितताओं और घटिया निर्माण कार्य किए जाने के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग होने की आशंका है।**

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण स्थल पर पर्याप्त गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं हो रहा तथा निर्माण की मजबूती पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान निर्माणाधीन तलैया क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे सरकारी धन व्यर्थ चला जाएगा।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी भी नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए तो निर्माण में हुई कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत से मांग की है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए।

जब इस विषय में टेक्निकल इंजीनियर प्रदीप राजपूत से बात की गई तो उनका कहना हैं की वाटर शेड योजना अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों की जिले में अलग पहचान है, पंचमपुरा में चल रहे निर्माण कार्य की जांच की जाएगी यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो सुधार किया जाएगा और नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### निष्पक्ष जांच में होगा अनियमितताओं का खुलासा

ग्रामीणों का मानना है कि अगर जिम्मेदार अधिकारी भी नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए तो निर्माण में हुई कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है।